भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. +1074

मंगलवार, 12 फरवरी, 2019/23 माघ, 1940 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

रामायण परिपथ का विस्तार

+1074. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रामायण परिपथ (सर्किट) के विस्तार हेतु सरकार की योजना का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस परिपथ के विस्तार में बक्सर सहित बिहार के कुछ नए स्थानों को शामिल किया गया है; और

(ग) रामायण परिपथ के अंतर्गत भगवान राम से संबंधित तीर्थ स्थलों के विकास/विस्तार के लिए अपनाई गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा इस शीर्ष के अंतर्गत आवंटित राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत विकास के लिए चिह्नित थीमैटिक परिपथों में से एक रामायण परिपथ है । मंत्रालय ने रामायण परिपथ के अंतर्गत विकास के लिए प्रारंभिक रूप से पन्द्रह गंतव्यों नामत: सीतामढ़ी, बक्सर और दरभंगा (बिहार), अयोध्या, नन्दीग्राम, श्रृंग्वेरपुर एवं चित्रकूट (उत्तर प्रदेश), चित्रकूट (मध्य प्रदेश), महेंद्रगिरि (ओडिशा), जगदलपुर (छत्तीसगढ़), नासिक एवं नागपुर (महाराष्ट्र), भद्रचलम (तेलंगाना), हम्पी (कर्नाटक) और रामेश्वरम् (तमिलनाडु) की पहचान की है ।

(ग): मंत्रालय द्वारा रामायण परिपथ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और स्वीकृति का वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	उत्तर प्रदेश 2016-17	चित्रकूट और श्रृंग्वेरपुर का विकास	69.45
2.	उत्तर प्रदेश 2017-18	अयोध्या का विकास	133.31
		कुल	**202.76**

****